भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4815

जिसका उत्तर दिनांक 24.03.2021 को दिया जाना है

लिथियम अन्वेषण

4815. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती :
श्री एन. रेड्डप्प :
श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी :
श्री संजय काका पाटील :
श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में लिथियम के भंडारों की अन्वेषण संबंधी गतिविधियां शुरू कर दी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में लिथियम के अनुमानतः कुल कितने भंडार हैं तथा राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

<u>उत्तर</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :</u>

(क) तथा (ख) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) की एक संघटक इकाई परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) कर्नाटक और राजस्थान के भागों में लिथियम के लिए संभावित भूगर्भीय कार्यक्षेत्रों में अन्वेषण कर रहा है | एएमडी मार्लागल्ला क्षेत्र, मंड्या जिला, कर्नाटक में उप-सतह अन्वेषण कर रहा है | ब्राइन (खारे पानी की नमकीन झीलों से) से संबद्ध लिथियम खनिजीकरण का पता लगाने के लिए जोधपुर और बाड़मेर जिला, राजस्थान में सरस्वती नदी पैलियोचैनल के क्षेत्र में आवीक्षण-सर्वेक्षण भी किया गया है ।

(ग) एएमडी द्वारा भूमि की सतह और सीमित उप-सतह पर किए गए प्रारम्भिक सर्वेक्षण में मार्लागल्ला - अल्लापटना क्षेत्र, मंड्या जिला, कर्नाटक के पिगमेटाइट्स में 1,600 टन लिथियम स्रोतों (अनुमानित श्रेणी) की उपस्थिति का पता चला है ।

* * * * *